# 'वास्तविकता का अनुभव कराती है इंटर्नशिप'

- कहा, इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करती है
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई

वि., गोहाना : मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनइपी) व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।

अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कुलपति ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है। यह छात्राओं को अपने क्षेत्र में कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद करती है। व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है।

प्रो. सुदेश ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। इंटर्नशिप करने वाले विधार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव व ज्ञान होता है।

कुलपति ने अधिकारियों को छात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने को कहा। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा रहे।



कुलपति प्रो . सुदेश कार्यशाला में अधिकारियों को संबोधित करते हुए • सौ. प्रवक्ता


# एलएलएम कोर्स में प्रवेश के लिए 76 छात्राओं ने दी परीक्षा

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में मंगलवार को विधि विभाग में एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में बनाया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. संदीप दहिया ने बताया कि एलएलएम की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें से 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने औचक निरीक्षण किया। उनके अनुसार छात्राओं ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है।

# गोहानाः एलएलएम में प्रवेश के लिए 76 छात्राओं ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में आज विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में परीक्षा केंद्र की स्थापना की गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि एलएलएम की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था। इनमें से मंगलवार को 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ. दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 जुलाई को ही घोषित कर दिया जाएगा। विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यादव ने कहा कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विवि की प्रतिबद्धता है। छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।




परीक्षा का निरीक्षण करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया।

### नई शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला

# विवि में नई शिक्षा नीति शत-प्रतिशत लागू : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीतिः 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई विषयों में नई शिक्षा शत-प्रतिशत लागू की जा चुकी है। विवि का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है। कुलपति ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है। यह छात्राओं को अपने क्षेत्र में कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद करती है। व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुडने और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। इंटर्नशिप करने वाले विधार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव व ज्ञान होता है। कुलपति ने अधिकारियों को छात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने को कहा। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह व प्रो. अशोक वर्मा उपस्थित रहे।



गोहाना। कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

# एलएलएम में प्रवेश के लिए 76 ने दी परीक्षा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में मंगलवार को विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि एलएलएम की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था। इनमें से मंगलवार को 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ. दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 जुलाई को ही घोषित कर दिया जाएगा।

विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। यादव ने कहा कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विवि की प्रतिबद्धता है। छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। संवाद

# महिला विवि का हर विभाग नई शिक्षा नीति से परिचित

## कुलपति ने अधिकारियों से की विभिन्न विषयों पर चर्चा

भास्कर न्यूज़ | गोहाना

बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विवि में जिन विषयों में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना था, उनमें शत-प्रतिशत नीति लागू हो गई है। महिला विवि का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है। वे मंगलवार को नई शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

प्रो. सुदेश ने कहा कि इंटर्नशिप छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है। इससे छात्राओं को अपने क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद मिलती है। इसके अलावा व्यावहारिक अनुभव भी इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है। वहीं इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव व ज्ञान होता है। इसके बाद उन्होंने सभी चेयरपर्सन, प्रतिभागी ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारियों को छात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एलएलएम की 30 सीटों के लिए 76 छात्राओं ने दी प्रवेश परीक्षा

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में मंगलवार को स्नातकोत्तर कोर्स एलएलएम में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके लिए विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में परीक्षा केंद्र बनाया गया। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया के अनुसार एलएलएम की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इनमें से मंगलवार को 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र का विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने औचक निरीक्षण किया। छात्राओं ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। विवि प्रशासन की भी पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही प्रतिबद्धता है। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। वहीं डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को ही घोषित कर दिया जाएगा।

# एल.एल.एम. में प्रवेश के लिए 76 छात्राओं ने दी परीक्षा

गोहाना, 15 जुलाई (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फुल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एल.एल.एम. में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया जिसमें विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में परीक्षा केंद्र की स्थापना की गई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि एल.एल.एम. की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था जिसमे से आज 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ. दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 जुलाई, बुधवार को ही घोषित कर दिया जाएगा।

पंजाब केसरी
WED, 16 JULY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# 76 छात्राओं ने दी एल.एल.एम. की प्रवेश परीक्षा

गोहाना, 15 जुलाई (अरोड़ा): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एल.एल.एम. में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया।

प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय के इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि एल.एल.एम. की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था।

उनमें से 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ. दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया जाएगा।

रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता है। प्रो. यादव ने बताया कि छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए प्रो. शिवालिक यादव और डॉ. संदीप दहिया। (अरोड़ा)

पंजाब केसरी
WED,16 JULY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# इंटर्नशिप के माध्यम से आता है व्यावहारिक अनुभव : प्रो. सुदेश

गोहाना, 15 जुलाई (अरोड़ा): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को नई शिक्षा नीति-2020 और इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने की।

प्रो. सुदेश ने कहा कि जिन विषयों में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना था, उन विषयों में शत-प्रतिशत नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। महिला विश्वविद्यालय का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है।वी.सी. ने इंटर्नशिप पर बात करते हुए कहा कि व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से ही छात्राओं में आता है।



*अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए प्रो. सुदेश।* (अरोड़ा)

प्रो. सुदेश ने बताया कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने और नैटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान होता है।

कार्यशाला में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# इंटर्नशिप से आता है व्यावहारिक अनुभव : प्रो. सुदेश

गोहाना मुद्रिका, 15 जुलाई : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में मंगलवार को नई शिक्षा नीति 2020 और इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश ने की ।प्रो. सुदेश ने कहा कि जिन विषयों में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना था, उन विषयों में शत प्रतिशत नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। महिला विश्वविद्यालय का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है। वी.सी. ने इंटर्नशिप पर बात करते हुए कहा कि यह छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है जिससे छात्राओं को अपने क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है। प्रो सुदेश ने बताया कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव और ज्ञान होता है। कार्यशाला में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय खानपुर में विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एल. एल. एम. में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन

**जन जागरण संदेश**



**गोहाना / खानपुर कलां, (अनिल जिंदल ) 15 अप्रैल।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज विधि विभाग के स्नातकोत्तर कोर्स एल. एल. एम. में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में परीक्षा केंद्र की स्थापना की गई। जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया ने बताया कि एल. एल. एम. की 30 सीटों के लिए 100 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था। जिसमे से आज 76 छात्राओं ने परीक्षा दी। डॉ दहिया ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 जुलाई, बुधवार को ही घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव ने कहा कि छात्राएं बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दे रही हैं। प्रो. यादव ने कहा कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता ही महिला विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय खानपुर में नई शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने हेतू एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जन जागरण संदेश**



**गोहाना / खानपुर कलां,(अनिल जिंदल ), 15 अप्रैल।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज नई शिक्षा नीति 2020 व इंटर्नशिप को बढ़ावा देने विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि जिन विषयों में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना था, उन विषयों में शत प्रतिशत नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। महिला विश्वविद्यालय का हर विभाग नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन से परिचित है। कुलपति प्रो सुदेश ने इंटर्नशिप पर बात करते हुए कहा कि यह छात्राओं को वास्तविकता का अनुभव कराती है। जिससे छात्राओं को अपने क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने और रोजगार के बेहतर अवसर ढूंढने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक अनुभव इंटर्नशिप के माध्यम से छात्राओं में आता है। इंटर्नशिप कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक कार्य वातावरण में लागू करने का अवसर देती है। प्रो सुदेश ने बताया कि इंटर्नशिप छात्राओं को उद्योग के साथ जुड़ने और नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी को नौकरी मिलने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि उनके पास व्यावहारिक अनुभव व ज्ञान होता है। कुलपति ने कार्यशाला में मौजूद सभी चेयरपर्सन व प्रतिभागी ट्रेनिंग व प्लेसमेंट अधिकारीयों से छात्राओं के लिए ज्यादा से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर मुहैया कराने की बात कही। कार्यशाला में डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, प्रो रवि भूषण , प्रो श्वेता सिंह , प्रो अशोक वर्मा व सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।